हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 20 मई 2024

06 प्रशासन ने आरोपियों के मकान चिन्हित कर की ...



07 कृषि मंडी में अतिक्रमण के साथ फैली गंदगी ...





## खबर संक्षेप

### यूजीसी नेट के आवेदन अब 19 तक कर सकेंगे

**सीहोर।** एनटीए ने यूजीसी नेट के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। पहले 15 मई तक आवेदन की अंतिम तारीख थी। लेकिन अब इसे बढ़ाकर 19 मई तक कर दिया है। अभ्यर्थी 29 मई रात 11.59 बजे तक फीस का भुगतान कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन में सुधार के लिए विंडो 21 से 23 मई तक ओपन होगी। यूजीसी नेट की परीक्षा 19 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा 83 विषयों के लिए ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित की जाएगी। रजिस्ट्रेशन विंडो बंद करने के बाद एनटीए उम्मीदवारों के लिए आवेदन सुधार विंडो ओपन करेगा।

### इग्नू: जुलाई सेशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**सीहोर।** इग्नू ने जुलाई सेशन में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू कर दी है। इसके तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल पोर्टल ignouadmission.samarth.edu.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सके हैं। अगर कोई अभ्यर्थी प्रवेश की पुष्टि से पहले अपना आवेदन रद्द कर देता है तो उसे पूरी फीस वापस की जाएगी। यदि पुष्टि के बाद 15 दिनों के भीतर एडमिशन कैंसिल होता है तो 500 रुपए की कटौती के बाद रिफंड जारी किया जाएगा।

### 8 जून को होगी 12वीं की पूरक परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की पूरक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 12वीं बोर्ड के सभी विषयों की पूरक परीक्षा 8 जून को होगी। जबकि 10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 10 जून से शुरु होंगी। यह 19 जून तक चलेंगी। 10वीं की पूरक परीक्षा में पहला पर्चा हिंदी विषय का होगा। इसके बाद उर्दू, मैथ्स, इंग्लिश, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के पेपर होंगे। परीक्षा का समय सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रहेगा। छात्र पूरा परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अवकाश घोषित

**सीहोर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव द्वारा जारी आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश 01 मई से 15 जून 2024 तक विद्यार्थियों के लिए और शिक्षकों के लिए 01 मई से 31 मई 2024 तक रहेगा। दशहरा अवकाश 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए रहेगा। दीपावली अवकाश 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए।

## दौलतपुर रियासत के तात्कालिक राजा ने क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति के लिए कराया था जलाशय का निर्माण

# गहरीकरण और मरम्मत के अभाव में प्राचीन तालाब हुआ बदहाल, पाल में कई जगह हो गया है कटाव

करीब 200 साल पुराने इस जलाशय का जीर्णोद्धार करने के लिए अभी तक किसी ने कोई पहल नही की है। जबकि जलाशय में अभी भी सालभर पानी भरा रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

एक समय अकूत जलभंडारण के चलते दर्जनभर से अधिक गांव को जलापूर्ति करने के साथ ही अपनी सुंदरता के कारण लोगों के लिए आकर्शण का केंद्र बना रहने वाला जलाशय आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जददोजेहद कर रहा है। बात हो रही है दौलतपुर के प्राचीन जलाशय की, जो सरकारी तंत्र की उपेक्षा के कारण बदहाल स्थिति में है। गहरीकरण और मरम्मत के अभाव में यह अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। करीब 200 साल पुराने इस जलाशय का जीर्णोद्धार करने के लिए अभी तक किसी ने कोई पहल नही की है। जबकि जलाशय में अभी भी सालभर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तालाब का जीर्णोद्धार कर दिया जाएं तो इससे ना सिर्फ प्राचीन धरोहर को जीवंत बनाया जा सकेगा, बल्कि लोगों को जलसंकट की समस्या से निजात मिल सकेगी।

विकासखंड मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर ऐतिहासिक गांव दौलतपुर में एक प्राचीन जलाशय है। जिसका निर्माण करीब 2 सौ वर्श पहले दौलतपुर रियासत के तात्कालीन राजा निर्भयसिंह द्वारा क्षेत्र के गांव की मवैशियों को पेयजल व क्षेत्रवासियों को पानी की आपूर्ति के लिए कराया गया था। बताया जाता है कि दौलतपुर सहित आसपास के दुदलई, रूघनाथपुरा, रूपदी, झरखेड़ा, सिंगापुरा, कुंडीखाल, लालियाखेड़ी आदि गांव की मवेशियां अपनी प्यास बुझाने इसी तालाब पर आती थी।



इसके अलावा इन गांव के लोग गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति इस जलाशय से करते थे। लेकिन प्रशासनिक तंत्र की अनदेखी और उपेक्षा के चलते वर्तमान में यह जलाशय बदहाल स्थिति में है। देखरेख और मरम्मत नही होने से इसकी पाल में जगह - जगह दरारें आ गई है। पाल के दोनों ओर लगे पीपल, नीम, इमली, जामुन, बहेड़ा आदि प्रजाति के दर्जनों पेड़ रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे नष्ट हो गए हैं।

पाल से मवेशियों, बैलगाड़ी, वाहनों के निकलने पर पाबंदी नहीं होने के कारण इसमें जगह -जगह गहरें कटाव हो गए है। जो कभी भी बारिश के मौसम में हादसें का कारण बन सकते है। गहरीकरण के अभाव में तालाब गंदगी और कीचड़ से पटा पड़ा है। इसमें जलकुंभी एवं अन्य खरपतवारों की बेहताशा वृद्धि हो रही है। जिससे तालाब की गहराई साल दर साल कम होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तालाब के पाल की पींचिंग व गहरीकरण करवा दिया जाएं तो गांव में व्याप्त जलसंकट का समाधान होने के साथ ही इस ऐतिहासिंक एवं प्राचीन धरोहर को बचाया जा सकता है।

### नहाने व कपड़े धोने के लिए बना था आकर्षक घाट

तालाब में नहाने और कपड़े धोने के लिए एक सुंदर और आकर्शक कलाकृति का घाट बना था। गांव के बुर्जुग अनोखीलाल, फकीरचंद, भेरूसिंह ने बताया कि गर्मी के दिनों में हम गर्मी से बचने व सुकून पाने के लिए पाल के किनारें स्थित पेड़ों की छांव में बैठे रहते थे। लेकिन अब एक्का-दुक्का पेड़ ही बचे हैं। घाट भी देखरेख और मरम्मत के अभाव में बर्बाद हो गया है। लोगों का कहना है कि इस प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने के लिए शासन, प्रशासन को पहल करनी चाहिए। जीर्णोद्धार कर ना सिर्फ इसको जीवंत किया जा सकता है बल्कि ग्रामीणों को जलसंकट की समस्या से भी निजात मिल सकती है।

### सौंदर्यीकरण के लिए पाल के दोनों ओर लगे थे सैकड़ों पेड़

तालाब की पाल में कटाव को रोकने व ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में धूप से बचाने के लिए पाल के दोनों ओर पीपल, नीम, बरगद, जामुन, बहेड़ा, इमली आदि प्रजाति के सैकड़ों पेड़ लगे थे। लोग सुकून के पल बिताने के लिए बड़ी संख्या में पाल पर बैठते थे। लेकिन देखरेख के अभाव में दर्जनों पेड़ धराशाही हो गएं जबकि कई पेड़ों को लोगों द्वारा काट दिएं गये है। इस संबध में राजघराने से ताल्लुक रखने वाले धरमसिंह कर्मयाल ने बताया कि उक्त जलाशय का निर्माण करीब 200 साल पहले तात्कालिक राजा निर्भरसिंह राठौड़ द्वारा कराया गया था। उस समय जलापूर्ति के कोई स्त्रोत नही थे, ऐसे में दौलतपुर सहित आसपास गांव के लोगों को पानी की आपूर्ति के लिए जलाशय के साथ ही चौपड़ा-बाउंड्री व गढ़ी के समीप दो कुंडियों का निर्माण कराया था। इनमें पानी की अथाह भंडारण था। लोग इन्ही जलस्त्रोतों से पानी की आपूर्ति करते थे। श्री कर्मयाल ने कहा कि जब वह परिवार के साथ गढ़ी में रहते थे, इस दौरान वर्श 1984-85 में उन्होने ग्रामीणों के सहयोग से उक्त तालाब का गहरीकरण कराया था। वर्तमान में तालाब के जीर्णोद्धार की दरकार है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**सालभर रहता है पानी :** करीब 22 एकड़ क्षेत्र में फैले तालाब में सालभर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों के निस्तारी के साथ ही मवैशियों को पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके अलावा इसमें मछली पालन भी किया जाता है। लेकिन इसके बावजूद कोई भी इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

### जांच की जाएगी

मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा है तो मैं स्वयं जलाशय का विजिट कर स्थिति का जायजा लूंगी। मनरेगा के तहत इसके जीर्णोद्धार का प्रयास किया जाएगा।

**शिवानी मिश्रा,** सीईओ जपं इछावर



## शासन स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शासन स्थापना दिवस पर नवरत्न परिवार और मालवा महासंघ नलखेड़ा के तत्वावधान में विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ जैन मंदिर तथा दादावाड़ी में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। वैशाख सुदी ग्यारस के दिन प्रभु महावीर ने अपनी वाणी से मनुष्य को सर्व वीरती, देश वीरती धर्म का उपदेश दिया और चतुर्विद श्रीसंघ की स्थापना कर हम सबके आत्मविश्वास का मार्ग प्रशस्त कर अनंत-अनंत उपकार किया है, तभी से जैन समाज द्वारा इस दिन शासन स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

रविवार को स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा शासन स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। नवरत्न परिवार द्वारा प्रातः 8 बजे श्री चंदाप्रभु जैन मंदिर पर समाज के अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा, दादावाड़ी अध्यक्ष जयंत धूपिया, श्री संघ ट्रस्ट मंडल सदस्यों, समाजजनों के साथ नवरत्न परिवार के सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी में अध्यक्ष जयंत धूपिया के साथ समाज जनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर ध्वज वंदना की गई। शासन स्थापना दिवस पर सामूहिक सामायिक जैन उपाश्रय मे हुई और शाम को जिन मंदिर में 7 बजे आरती और भक्ति का आयोजन किया गया।



## समग्र पोर्टल में आधार ई केवायसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दी है। अब किसी भी हितग्राही को लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### वाटर स्पोर्ट्स अकादमी चयन के लिए जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल 21 को किया जाएगा

**आगर-मालवा।** राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में चयन हेतु जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल 21 मई को अपराह्न 3 बजे से इंडोर हॉल स्टेडियम परिसर बस स्टैंड के पास आगर में रखा गया है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपने मूल दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, अंकसूची, मूल निवासी आदि लेकर कार्यालय खेल ओर युवा कल्याण विभाग स्टेडियम परिसर आगर में समय पर उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मेंअधिक जानकारी मोबा.नं. 8871514715 से प्राप्त की जा सकती है।

## भैरव पूर्णिमा पर सामूहिक रूप से सकलेचा गोत्रीय कुल भैरव का पूजन होगा 23 को





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भैरव पूर्णिमा पर नगर के सकलेचा गोत्रीय बंधुओं द्वारा अपने कुल भैरव का पूजन सामूहिक रूप से किया जाएगा। जिसमें नगर सहित अन्य स्थानों के सकलेचा बंधुओं द्वारा भी बड़ी संख्या में भाग लिया जाएगा। नगर में सकलेचा बंधुओं के हाजरा हुजूर कुल भैरवजी का देव स्थान पांड्या कॉलोनी में स्थित है, जहां पर प्रतिवर्ष दो बार सकलेचा बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से कुल भैरव देव की पूजा अर्चना की जाती है।

इस वर्ष 23 मई पूर्णिमा के अवसर पर नलखेड़ा में सकलेचा बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामुहिक पूजन का आयोजन रखा गया है। कुल भैरवजी के पूजन के लिए सभी सकलेचा बंधु एवं महिलाएं सामूहिक रूप से ढोल ढमाको के साथ पूजन के लिए पांड्या कॉलोनी पहुंचेंगे इसके पूर्व बड़ा गणपति जी एवं वीर हनुमान जी के मंदिर पर पूजा अर्चना की जावेगी तत्पश्चात कुल भैरव देव की पूजन तथा कालाजी महाराज की पूजन का कार्यक्रम होगा।

सकलेचा परिवार द्वारा अपने कुल भैरव के देवस्थान के साथ नगर से 1 किलोमीटर दूर स्थित कालाजी महाराज के देवस्थान पर पर बनाए गए सुंदर नए कैम्पस में पूर्णिमा की पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजन उपरांत प्रसादी एवं भोजन का कार्यक्रम स्वर्गीय प्रकाशचंदजी पुत्र प्रवीण कुमार नवीन कुमार सकलेचा परिवार नलखेड़ा की ओर से रखा गया है।

## कार्यशाला में बताया गया व्यक्ति की पहचान करना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में शासकीय महाविद्यालय सोयत के कम्प्यूटर विभाग के डॉ धीरज शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल की अध्यक्षता में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। धीरज शर्मा ने व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान कैसे करें यह बताते हुवे कहा कि जरूरी नहीं कि अच्छे कपड़े,जूते, मकान, गाड़ी से व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान होती है बल्कि उसके आचरण एवं व्यवहार से होती है। व्यक्ति को सभ्य आचरण करना चाहिए बोलने-चालने, रहन -सहन के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। कार्यशाला में डॉ जितेन्द्र चावरे सहित स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## पारा उछलकर पहुंचा 43 डिग्री पर, बढ़ते हुए दिन के साथ बढ़ती जाती है बैचेनी


# सूरज के तेवर हुए तीखे, गर्मी के साथ लू कर रही बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सूरज के सख्त हुए तेवरों से लोग हलाकान हो रहे हैं। अब सुबह से ही तपन होने लग गई है। तापमान देखकर ऐसा लगता है कि मानो सूरज आग उगल रहा है। ऐसे में लोगों को तमतमाती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं वैसे ही तापमान में भी बढ़ोतरी होती जा रही है। इसके साथ ही लू भी चलनी शुरू हो गई है। दोपहर में लू के थपेड़ों के बीच बिना चश्मे और मुंह पर कपड़ा बांधे घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। घरों में पंखे भी गर्म हवा देने लगे हैं।

इस भीषण गर्मी में अक्सर छोटे बच्चे बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। मई मध्यान्ह में गर्मी अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। रविवार को पारा 43 डिग्री पर पहुंच गया। वही गर्म हवाओं से आमजन परेशान रहे। सुबह से ही गर्म हवाएं चलना प्रारंभ हो गई थी जो गर्मी बढ़ने का एहसास करवा रही थी। दोपहर आने तक मानो आसमान से आग बरसना प्रारंभ हो गया था।





### बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। इक्का दुक्का लोग ही सड़कों से गुजरते दिखाई दे रहे थे। वे भी लू से बचने के सारे जतन के साथ दिखाई दे रहे थे। बाहर निकलने वाले लोग चेहरे को सूती कपड़े अथवा दुप्पट्टे से ढक कर निकल रहे थे। दोपहर में तापमान 43 डिग्री पहुंच गया था। शाम 6 बजे बाद गर्मी थोड़ी कम होती दिखाई दी, तब जाकर बाजार में पुनः लोगों का आना जाना प्रारंभ हुआ। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अब आसपास के ग्रामीणजन भी सुबह और शाम को बाजार से खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते दोपहर के समय दुकानों पर भी ग्राहकी नजर नहीं आ रही है।



### गर्मी से बचने के लिए यह करें

घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पिएं। ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंककर रखें। टोपी, कपड़ा,छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें। आवश्यक होने पर ही सावधानी बरतते हुए धूप में बाहर निकलें।

खबर संक्षेप

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ संपन्न



**देवास।** श्री शिव छत्रपति मराठा संघ के अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण ने बताया कि संघ द्वारा आयोजित तृतीय अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्‌घाटन कृष्णमुरारी मोघे पूर्व महापौर इन्दौर एवं आध्यात्मिक गुरु1008 महामंडलेश्वर प्रेम परमार गुरु के कर कमलों द्वारा शिवाजी महाराज के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र हरियाणा उत्तरप्रदेश के करीब 412 से अधिक प्रतिभागियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यकर्म में समाज के प्रतिभावान बच्चों को भी स्मानित किया गया। कार्यक्रम में इन्दौर की मराठा समाज की स्वाति युवराज कशीद को मराठा गौरव सम्मान से शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत संघ के अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण, शालिनी चव्हाण, दिलीप सिंह जाधव कुमार जाधव, सुरेश चव्हाण, प्रतापराव जाधव, विकास राव शिंदे, रंजना जाधव कल्पना जाधव, सरोज भंवर, रोहिणी भोंसले,सारिका पवार, अंजली मोहिते, रूपाली मोहिते, रीना जाधव, अलका जगताप, रागिनी भवर, रीता जाधव ने किया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चित्रलेखा तपकीर, नेहा जाधव व पल्लवी जाधव ने किया। आभार संघ की संयोजक शालिनी चव्हाण ने माना।

## 41 के पार पहुंचा पारा

**देवास।** गर्मी के मौसम में रविवार को सबसे गर्म दिन रहा। सुबह की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई। दोपहर होते-होते गर्मी बढऩे से सडक़ों पर लोगों का आवाजाही भी काफी कम देखने को मिला। शनिवार की तुलना में रविवार को 1एष्ट का इजाफा हुआ है। पारा अधिकतम 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### जिले में दो गोकशी की घटना के बाद चला प्रशासन का बुल्डोजर

# प्रशासन ने आरोपियों के मकान चिन्हित कर की कार्रवाई, पुलिस बल रहा मौजूद

गौहत्या की घटना के विरोध में ग्रामीणों सहित हिंदूवादी संगठनों ने चक्काजाम कर जमकर जताया था विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रविवार सुबह शहर से करीब 8 किमी दूर बरोठा मार्ग पर स्थित ग्राम खेताखेड़ी में गोकशी का मामला सामने आया। गांव के बाहर स्थित खेत में गायों की हत्या कर उनके अवशेष बोरी में भरकर कुछ युवक ले जा रहे थे। स्थानीय ग्रमीणों ने गौकशी कर रहे है एक युवक को धर दबोचा वही अन्य भाग गए। गोकशी की घटना के बाद बवाल मच गया। जानकारी अनुसार रविवार सुबह दो गायों का कत्ल कर दिया गया। गोकशी की वारदात की जैसे ही जानकारी मिली, लोग गुस्सा उठे। ग्रामीणों ने जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए बरोठा सहित देवास में चक्काजाम कर दिया। लोगों के विरोध के बाद पुलिस प्रशासन ने आरोपियों का घर ढहा दिया।

### किया चक्का जाम

घटना के विरोध में ग्रामीणों ने हिन्दू संगठनों के साथ बरोठा देवास मार्ग और राजोदा रोड़ पर चक्का जाम कर दिया औऱ आरोपियों के मकान तोड़ने पर ही चक्का समाप्त करने को कहा इस बीच हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक हो गई। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया और सीएसपी दिशेष अग्रवाल ने मौके पर पहुँचकर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और चक्का जाम खुलवाया। मामले में पुलिस और निगम की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के मकान चिन्हित कर कार्रवाई शुरू की गई और प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर तीन मकान ढहा दिए। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के ठीक एक दिन पहले 12 मई को भी शहर के नुसरत नगर में भी गौहत्या का मामला सामने आया था। जिस पर हिंदूवादी संगठनों के विरोध पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में कायमी की थी। रविवार को जिन चार मकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला उनमें दो पूर्व की घटना के में आरोपी थे वही दो बरोठा थाना अंतर्गत हुई गौकशी की घटना में आरोपी थे। शहर से 8 किमी दूर देवास से बरोठा मार्ग खेताखेड़ी गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया गया। बताया गया है की रविवार सुबह 6 बजे गांव में गोकशी की घटना के बाद चक्काजाम किया गया। सूचना मिलने पर नजदीक के थानों के टीआई व सीएसपी मौके पर पहुंचे।

### दो गायों का किया कत्ल

बताया जा रहा है की इस घटना में गांव के एक किसान की 2 गायों का कत्ल कर दिया गया था। किसान आज सुबह दूध निकालने गया तो उसने यह घटना देखी। इस दौरान ग्रामीणों ने गाड़ी के साथ में एक व्यक्ति को भी पकड़ा। इसके बाद बरखेड़ाकोता पाई रोड पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि जिन आरोपियों ने इस गोकशी की घटना को अंजाम दिया है, उनका मकान तोड़ा जाए। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपी आमीन पिता याकूब शाह निवासी बड़ा बाजार मोमन टोला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निगम की टीम के साथ उसके मकान पर पहुंच कर मकान तोड़ने की कार्रवाई की।

### सख्त कार्रवाई की मांग की

घटना के विरोध में हिंदू संगठन संस्था राम-राम के संस्थापक शैलेन्द्र सिंह पवार, जीतू रघुवंशी और अन्य समर्थक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे। उन्होनें ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि गौकशी के आरोपितों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनके मकान जमींदोज किए जाएं उसके बाद ही धरना प्रदर्शन खत्म होगा। इस संबंध में शैलेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि पांच से सात गाएं काटने का मामला सामने आया है। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई जब तक नहीं की जाती है तब तक हम लोग धरना देंगे। उन्होनें आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन के सख्त नहीं होने पर इस प्रकार के मामले आए दिन होते रहते हैं। हिंदू समाज की भावनाओं को आहत किया जा रहा है। इसमें राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासन को विचार करना पड़ेगा ऐसे प्रकरणों में ठोस कार्रवाई नहीं की जाएगी तो भविष्य में इसका बड़ा परिणाम देखने को मिलेगा।



### आरोपियों के मकान जमींदोज

प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियो के तीन मकानों को चिन्हित कर उन्हें जमींदोज करने की कार्रवाई की, जिसमें बड़ा बाजार स्थित आमीन पिता याकूब शाह के मकान को जमींदोज किया। उसके बाद अमन उर्फ शेट्टी पिता यूसुफ निवासी मोमन टोला मुक्ति मार्ग के मकान को जमींदोज करने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा दो पूर्व के आरोपी वसीम निवासी पठान कुंआ के मकान को जमींदोज किया। वही इटावा क्षेत्र में आरोपी शाहरुख के मकान को जमींदोज करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में निगम अमले में इंजीनियर सौरभ त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह सिसोदिया सहित रिमुवल टीम मौजूद थी। वही पुलिस प्रशासन की ओर से नाहर दरवाजा टीआई मंजू यादव और सिविल लाईन टीआई ओपी अहिर दल के साथ मौजूद थे।

**गौहत्या के मामले में की कार्रवाई**

बरोठा थाना अंतर्गत ग्राम खेताखेड़ी में गौहत्या का मामला सामने आया था, इसको लेकर कार्रवाई की गई है। पूर्व के प्रकरण में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके है आज हुए घटनाक्रम में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**जयवीर सिंह भदौरिया,** एडिशनल एसपी

# पीपलरावां पुलिस ने लूट की घटना का किया पर्दाफाश

### चोरी की बुलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस ने आरोपी से 95000 रूपये का मश्रुका किया जब्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पीपलरावां पुलिस ने लूट की घटना का पर्दाफाश किया है।पुलिस ने बताया कि 5 मार्च 24 को फरियादी हाफिज खां अपने साथी शिवम भावसार के साथ अपने दोपहिया वाहन से सोनकच्छ मंडी मे गेहूं बेचकर वापस अपने घर लौट रहा था। घर लौटते समय ग्राम बालोन मे रस्ते में दो बदमाशों ने फरियादी के साथ मारपीट कर उसकी बुलेट दो पहिया वाहन लुटकर ले गये थे।

उक्त घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी थाना पीपलरवां निरीक्षक रंजना गोखले ने घटनास्थल पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। साथ ही घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी और अज्ञात आरोपी के विरूद्व थाना पीपलरांवा में अपराध क्रमांक 78/2024 धारा 392 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय को दी। एसपी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया व एसडीओपी सोनकच्छ के निर्देशन में लुट की वारदात का पता लगाने हेतु टीम का गठन किया। टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए बताए गए हुलिए के अनुसार आरोपी को पकडकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर घटना के अंजाम स्वीकार किया गया।घटना में फरियादी की लुट गई बुलेट मोटर साईकल कीमत लगभग 95000/- रूपये जप्त की गई। उक्त घटना में धरम उर्फ धर्मेन्द्र पिता हरिसिंह गुर्जर उम्र 25 वर्ष निवासी सम्मसखेड़ी थाना पीपलरांवा को गिरफ्तार किया गया।

उक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक रंजना गोखले थाना प्रभारी पीपलरांवा, उनि शैलेन्द्र परमार चौकी प्रभारी बालोन, उनि राकेश चौहान चौकी प्रभारी चोबाराधीरा, सउनि हरिशंकर गौदार, प्रआर. संतोष नवरंग, प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चौहान सायबर सेल, आर. सतीश भगत, मनोज गुर्जर, कपिल, अनिरुद्द, सतीश दक्षिणी, रविन्द्र, दीपक, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य विशाल राठौर का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

## जिला अस्पताल में आज लगेगा निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर, होगा उपचार

**देवास।** सिविल सर्जन डॉ एम.पी.शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत 20 मई 2024 को प्रातः 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक जिला चिकित्सालय देवास में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है । राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ बी.आर शुक्ला ने बताया की जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में आने वाले वृद्वजनों का स्वास्थ्य परिक्षण आर्थोपेडिक, नेत्र रोग, स्त्री रोग, मेडिसिन, सर्जरी, डेंटल तथा मनोराग चिकित्सक के द्वारा किया जाएगा । 60 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर उन्हें उपचार प्रदान करने के साथ पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड, एवम हेल्थ आई डी कार्ड बनाकर वितरण किया जाएगा। साथ ही वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को बीसीजी का टीका भी लगाया जाएगा। आज लगने वाले शिविर की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जैन शासन स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




रविवार को जैन शासन स्थापना दिवस के पावन अवसर पर अ.भा. जैन श्वेताम्बर युवक व नवरत्न परिवार के आव्हान पर जैन श्री संघ चापड़ा द्वारा बागली रोड स्थित जैन मंदिर पर जैन शासन स्थापना दिवस के उपलक्ष में शासन ध्वज वंदन गीत गाकर ध्वजारोहण किया गया। जैन श्री संघ चापड़ा अध्यक्ष संतोष जैन ने शासन स्थापना दिवस का इतिहास बताते हुए, कहा कि आज के एक दिन पूर्व भगवान महावीर स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था।

वैशाख सुदी ग्यारस को प्रभु ने गौतम स्वामी आदि 11 गणधर को दीक्षा देकर शासन की स्थापना की थी। शासन मे चतुर्विध संघ की स्थापना हुई थी। ध्वजारोहण के पश्चात सकल श्री संघ ने प्रतिज्ञा ली कि वे कभी भी देश विरोधी धर्म विरोधी प्रवृत्ति नहीं रखेंगे तथा धर्म की रक्षा ,प्रभावना के लिए पूरी शक्ति से कार्य करेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम में जैन श्री संघ उपाध्यक्ष प्रदीप लुणावत, , पुनमचंद् डागरिया, अशोक दांगी ,शिवपुर मतमोर तीर्थ ट्रस्टी विनोद बाबेल, जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ़ इंडिया के वर्धमान जैन, नितेश बरडिया, गौरव दुग्गड ,हर्ष जैन, निखिल भंसाली,कपिल जैन,ललित जैन, चंद्र प्रकाश धारीवाल, सावन सुराणा, ध्रुव सैनी, ध्रुव धारीवाल, निकुंज बरडिया, रक्षित दुग्गड, वंदित सुराणा , दक्ष बरडिया, महिला मंडल से ज्ञानलाता बरडिया, अनिता बाबेल, संगीता बाबेल, चंदनबाला छाजेड़, रिमझिम सुराणा, पलाकशी बरडिया आदि समाज जन मौजूद थे। उक्त जानकारी अलर्ट ग्रुप के गौरव दुग्गड ने दी।

# सीएमराइज स्कूल में प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण के साथ समर कैंप का हुआ समापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय सी.एम.राइज विद्यालय चिडावद में 1 मई से 10 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में विद्यार्थियों को वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज , कैरम के साथ आर्ट एंड क्राफ्ट एवं कंप्यूटर के विषय में प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी स्किलस को निखारा गया । प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक खेल शिक्षक दिलीप कुमार शर्मा, गतिविधि प्रभारी अजीत सिंह खींची, नरसिंह सोलंकी, अर्जुन पटेल, मंगलेश वर्मा इंदरसिंह जाट एवं वर्षा सोलंकी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। 10 मई को शाला के प्राचार्य संतोष मंडलोई, उप प्राचार्य रफअत कुरैशी ,शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष श्री परमार एवं पालको की उपस्थिति में विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता संपन्न कर श्रेष्ठ विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार एवं सभी खिलाड़ियों को अतिथियों की उपस्थिति में स्वल्पाहार कराकर एवं प्रमाण पत्र वितरण कर समर कैंप का समापन किया गया। कार्यक्रम मे अभिभावकों के साथ शिक्षक अजीत सिंह खीची, इंदरसिंह जाट, श्री सोलंकी, प्राचार्य एवं उप प्राचार्य ने संबोधित कर विधार्थियों का उत्साह वर्धन एवं मार्ग दशर्न किया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक दिलीप शर्मा ने किया।

### खुले में कचरा फेंकने पर हिंद फिल्टर प्रालि. पर हुई कार्वाई

# जुर्माना नहीं देने पर निगम ने लगाया न्यायालय में प्रकरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में कचरा फेंकने व गंदगी फैलाने वालों पर नगर निगम की टीम सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इनकी गोपनीय रूप से जानकारी जुटाकर जुर्माना वसूला जा रहा है। जो जुर्माना जमा नहीं कर रहे हैं, उनके प्रकरणों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। शनिवार को एक फैक्टरी पर इसी प्रकार की कार्रवाई नगर निगम की टीम ने की। फैक्टरी प्रबंधन द्वारा बड़ी मात्रा में कचरा फेंका जा रहा था।नगर निगम द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कई जगह पर कचरा फेंका जा रहा है। कचरा फेंकने वालों में कुछ फैक्टरियां भी शामिल हैं। हिंद फिल्टर प्रा.लि. से निकलने वाले कचरे को फैक्टरी सीमा से लगभग तीन-चार किमी दूर बालगढ़ चौराहा से भोलेनाथ मंदिर के पास बनी नाले की पुलिया के बीच कचरा फेंकने की जानकारी मिली थी। शनिवार को भी यहां आटो से कचरा फेंका गया था।इस दौरान निगम स्वच्छता निरीक्षक रविकृष्ण गोयनार निरीक्षण के लिए निकले। उन्होंने बड़ी मात्रा में कचरा नजर आने पर उसकी जांच की और जानकारी जुटाई। इसके बाद नगर निगम की टीम के साथ उन्होंने फैक्टरी पहुंचकर जानकारी ली। फैक्टरी प्रबंधन को चालानी कार्रवाई में जुर्माना जमा करने के लिए कहा, लेकिन प्रबंधन ने किसी तरह से संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। फैक्टरी प्रबंधन की ओर से कचरा संग्रहण शुल्क भी जमा नहीं किया गया। ऐसे में प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। स्वच्छता निरीक्षक गोयनार ने शहरवासियों से कचरा संग्रहण वाहनों में ही कचरा डालने के लिए अपील की है। साथ ही कहा कि निगम की टीम निरंतर भ्रमण कर जानकारी ले रही है, जो भी कचरा फेंक रहा है, उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई कर रही है।

# महिला ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रविवार को थाना सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत स्थित विजय नगर में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने अपने ससुराल में जाली में फंदा बनाया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतिका का पति भी घर से गायब है जिसके बाद पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली शोभा की लाश उसके ससुराल में फांसी के फंदे से लटकती हुई मिली। महिला के मायके वालों को जैसे ही इसकी सूचना मिली, वे फौरन यहां पहुंचे और देवास पहुंचकर महिला के ससुराल वालों से जमकर विवाद भी किया। मौके पर पुलिस ने पंहुचकर मामला शांत किया। साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि शोभा का एक साढ़े 3 साल का बच्चा भी है। इस घटना के बाद से महिला का पति आशीष भी गायब है।

वहीं इस घर में महिला के सास-ससुर भी रहते हैं। आशीष कुछ महीने पहले ही देवास आया था। संभवतः किसी पारिवारिक कारणों के चलते ही महिला ने फांसी लगाई है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले को लेकर सिविल लाईन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

## खबर संक्षेप

### हवन पूजन के साथ श्रीराम कथा का समापन

**सीहोर।** कथा के स्मरण मात्र से ही मनुष्य का कल्याण हो जाता है। प्रत्येक मनुष्य को श्रीराम कथा का श्रवण करना चाहिए तथा धर्म की राह पर चलना चाहिए। श्री राम कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कथा का श्रवण करने से पापों से मुक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्रीराम कथा भगवान का रूप है, इसके सुनने मात्र से पापों का नाश होता है। उक्त विचार शहर के शुगर फैक्टरी के समीपस्थ भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में जारी नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम दिन महंत 108 उद्वावदास महाराज ने यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से कहे। कथा के समापन पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया था, इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन और क्षेत्रवासी मौजूद थे। समापन अवसर पर भगवान श्रीराम के द्वारा रावण वध और भगवान राम का राज्य अभिषेक का विस्तार से वर्ण किया गया। समापन अवसर पर कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। महंत उद्वाव दास ने कहा कि संसार में बुराई चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों ना बन जाए। वह अच्छाई के सामने अधिक दिनों तक टिक नहीं सकता है। अच्छाई और सच्चाई की हमेशा ही जीत के साथ होते हैं। पापियों के पाप का घड़ा एक दिन अवश्य भरता है। जिस वजह से उसका अंत बड़ा ही दुखद तरीके से होता है। उन्होंने कहा कि रावण वध के बाद प्रभु श्रीराम अयोध्या लौट गए। जहां उनका विधि विधान पूर्वक राज्याभिषेक किया गया। राम ने अपने प्रजा के सुख-सुविधा सहित सभी समस्याओं का निदान सुचारू तरीके से करते रहे। इनके शासन चलाने की नीति अत्यंत ही सरल थी। न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले सभी इंसान को इंसाफ मिलता था। जहां दोषी पाए जाने वाले लोगों को सजा दी जाती थी।

### ए-ग्रेड मंडी के हाल-बेहाल, किसानों को नहीं मिल रही सुविधाएं

# कृषि मंडी में अतिक्रमण के साथ फैली गंदगी अन्नदाता हो रहे परेशान, प्रबंधन बना अंजान

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अव्यवस्थाओं से घिरी है कृषि उपज मंडी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा



रिकॉर्ड तोड़ आवक को लेकर प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली ए ग्रेड आष्टा कृषि उपज मंडी इस समय लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। मंडी में मनमर्जी से कई व्यापारियों ने उपज के ढेर तो बोरी रखकर अतिक्रमण कर लिया है, जबकि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिता निभाई जा रही है। कई स्थानों पर नालियां चौक पड़ी होने से गंदा पानी सडक बदबू मार रहा है तो कृषक विश्राम गृह के फर्श पर धूल की परत जमने के साथ कूड़े, करकट के ढेर लगे हैं। इससे उपज लेकर आए अन्नदाता को परेशानी होती है।

### व्यापारियों ने किया अतिक्रमण

यह सब मंडी प्रबंधन की नजर में है, लेकिन अफसर ध्यान देने की बजाए कुंभकरणीय नींद में सोए हैं। उनकी इतनी हिम्मत नहीं हो रही है कि अतिक्रमणकारी व्यापारियों पर सख्ती से जल्द ही कड़ी कार्रवाई कर जगह को मुक्त करा सकें। आष्टा कृषि उपज मंडी में जाकर जब हमने स्थिति देखी तो चौकाने वाली मिली। जैसे ही आवक गेट से अंदर इंट्री ली वैसे ही कुछ दूर आगे जाकर परिसर में व्यापारियों की खरीदी गई उपज के ढेर और बोरे की छल्लियां रखी हुई मिली। हम जैसे ही आगे बढ़ते चले गए वैसे ही कई दुकानों के सामने ऐसे ही अतिक्रमण के नजारे देखने को मिले। हैरानी तब हुई जब मंडी कार्यालय के आसपास ही कई व्यापारियों ने कब्जा कर लिया, लेकिन इसका प्रबंधन को पता तक नहीं होना पाया। बता दे कि कुछ व्यापारियों ने कब्जा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। दुकान के सामने मंडी परिसर की खाली जगह पर ऐसे उपज के ढेर लगा रखे हैं कि व्यापारियों ने मानो उस जगह को खरीद लिया हो। इन अतिक्रणकारी व्यापारियों पर प्रबंधन कार्रवाई करने की बजाए उनके सामने नत मस्तक है। यही वजह है कि अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे मंडी परिसर संकरा हो गया और बंपर आवक होने पर किसानों को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली तक खड़ा करने जगह नहीं मिलती है। सीजन में परिसर जल्द भराने के बाद लाइन कन्नौद रोड पर आ जाती है और आमजन को आवाजाही करने में दिक्कत होती है।

### रात के अंधेरे में निकलते हैं वाहन

अनाज बिना टैक्स दिए कई मैजिक वाहन सहित अन्य छोटे वाहन रात के समय में बेधड़क निकलते हैं यहां सब खेल गार्ड की उपस्थिति में होता है लेकिन उसके बाद भी मंडी प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया।

### पूरी मंडी परिसर में अव्यवस्था

कृषि उपज मंडी में ड्रैनेज सिस्टम फैल पड़ा है। कई जगह नालियां चौक होने से गंदा पानी यहां वहां भरा रहा है। यह पानी सडकर बदबू भी मारता है। इससे मच्छरों का अलग प्रकोप बन गया है। यही नहीं किसानों को राहत प्रदान करने जिस कृषक विश्राम गृह को बनाया है वह भी अपना दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। विश्राम गृह में हाल यह थे कि कूड़े, करकट के ढेर लगे होने के साथ फर्श पर धूल जमी हुई थी। किसानों के बैठने जो सीमेंटेड कुर्सियां रखी थी वह भी इधर-उधर रखी हुई मिली।

### तीन जिलों के आते हैं किसान

आष्टा मंडी में सीहोर ही नहीं बल्कि शाजापुर, देवास जिले तक के किसान खरीफ और रबी सीजन में उपज लेकर आते हैं। वर्तमान समय में हफ सीजन में मंडी में करीब 15 हजार क्विंटल से ज्यादा की आवक हो रही है। यह आवक जिलेभर की अन्य कृषि उपज मंडियों से काफी ज्यादा है। बावजूद मंडी में ऐसे हाल होना सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। हालांकि मंडी में कई समस्या ऐसे भी हैं जो वर्षो से जस की तस है, लेकिन आज तक उसका निराकरण नहीं हो सका है। इससे मंडी की छवि धूमिल हो रही है।

**आष्टा मंडी की स्थिति**

- 22 एकड़ जमीन में बनी
- 268 लाइसेंसधारी व्यापारी
- 1006 हम्माल
- 65 तुलावटी
- 300 गांव जुड़े

### जिम्मेदारों की लापरवाही

आष्टा मंडी सचिव प्रवीणा चौधरी से इस मामले को लेकर चर्चा करने दो बार कॉल किया। उन्होंने कॉल रिसीव करना उचित नहीं समझा न ही उनकी तरफ से दोबारा किए कॉल का कोई रिप्लाई नहीं आया। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि ऐसे जिम्मेदार अफसर कैसे अपने दायित्व को अंजाम देते होंगे। यही कारण है कि मंडी की व्यवस्था पूरी तरह से लडखड़ा गई है।

### अध्यक्ष बामंडी में कोई गड़बड़ नहीं सब सुचारू रूप से चल रहा है

अनाज तिलक व्यापार महासंघ संगठन के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने बताया है कि आष्टा मंडी को बदनाम करने की साजिश की जा रही है यहां पर सब ठीक चल रहा है कोई गड़बड़ नहीं है कोई किसी को परेशानी है तो मुझे बताएं।

# फर्जी गवाह बनकर गवाही देने आए व्यक्ति को न्यायालय ने भेजा जेल

### बयान देने के दौरान घबराने के साथ बार बार पी रहा था पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा



प्रसिद्ध पेंसिल उद्योग डालने के नाम पर अनेक लोगों से रुपए लेने के लंबित प्रकरण में फर्जी गवाह बनकर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश उमेश कुमार पटेल के न्यायालय में गवाही के दौरान घबराने व हस्ताक्षर के दौरान भी हाथ कांप रहे थे। आरोपी के वकील भूपेश जामलिया ने पेंसिल उद्योग के अनुबंध में फोटो मिलान किया तो गवाह फर्जी निकला। उसने न्यायालय को बताया कि गवाह दुबई में है, उसी के कहने पर फर्जी गवाह बनकर गवाही देने आया हूं।

जामलिया ने विद्वान न्यायाधीश पटेल को अवगत कराते हुए लिखित में आवेदन पत्र दिया। न्यायाधीश पटेल ने फर्जी गवाही देने वाले आरोपी को जेल की हवा खिलाई प्राप्त जानकारी अनुसार प्रथम अपर जिला सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार पटेल के न्यायालय में लंबित सत्र प्रकरण में फर्जी गवाह बनकर बयान देने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व में प्रसिद्ध पेंसिल उद्योग डालने के नाम पर कई लोगों से रुपए लेने के प्रकरण में मामला न्यायालय में विचाराधीन था।

मामले में सत्र प्रकरण में अभियोजन साक्षी कृष्ण मुरारी पिता धनसिंह परमार निवासी बलसावर थाना सुंदरसी जिला शाजापुर के स्थान पर फर्जी गवाह बनकर उसका परिचित जयप्रकाश परमार पिता इंदरसिंह निवासी बेदारनगर शाजापुर आया और उसने न्यायालय में कृष्ण मुरारी बताकर अभियोजन पक्ष की ओर से बयान भी दे दिया और बयान सीट पर हस्ताक्षर भी कर दिए। जानकारी मिलने तक मामला पुलिस को सुपुर्द कर दिया है और फर्जी गवाह बनकर आए जयप्रकाश परमार को पुलिस के हवाले कर जेल वारंट न्यायाधीश एमएनएच रजवी ने फर्जी गवाही देने वाले जयप्रकाश परमार आरोपी को जेल भेजा।

# ग्राम बमुलिया रायमल में चल रही 5 दिवसीय देवनारायण कथा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में चल रही 5 दीवसीय देवनारायण कथा कथा वाचक प्रभू राम जी पंडा प्रती वर्ष की तरह इस वर्ष भी गांव बमुलिया रायमल में अपनी मधुर वाणी से गांव वालों को प्रेरित करते हैं 5 दीवसीय देवनारायण कथा का पहला दिन बड़े ही उत्साह के साथ गांव वा आस पास के ग्रामीणों ने देवनारायण की कथा का लाभ लिया दिनांक 17 से 21मई तक रात्रि में चल रही कथा कथा वाचक प्रभू राम जी पंडा, घासीराम पड़ियार, ओमप्रकाश पड़ियार एवं ग्रामीण जण उपस्थित रहे और कथा का आनंद लिया।

# सड़क के बीच में गड्ढों से आए दिन हो रहे हादसे यात्रियों से भरी बस भी हुई हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा



नगर के अनेक मार्गो की हालत बद से बदतर हो गई है। कुछ मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। नगर पालिका इन प्रमुख मार्गो पर न जाने क्यों ध्यान नहीं दे रही है। मार्केटिंग सोसायटी एवं शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के बीच में एक गड्ढे में एक सप्ताह में तीन बसें दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। काफी संख्या में बाइक चालक तो नित्य ही हादसे के शिकार हो रहे हैं। नई सब्जी मंडी से कन्नौद रोड तरफ जाने वाले मार्ग पर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के कोने में सड़क पर एक बड़ा गड्ढा आवागमन में परेशानी का केंद्र बना हुआ है। नित्य ही बाइक चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। वहीं बसें भी सुबह के समय सड़क पर सब्जी मंडी लगने से उक्त गड्ढे में टायर फंसकर बस में बैठे यात्रियों में भय उत्पन्न हो रहा है। एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल गड्ढे को बंद कराएं।

### शिव मंडल व बजरंग मंडल ने दी भजनों की प्रस्तुति



**सीहोर।** सीहोर जनपद के ग्राम मोगराराम में मंगलवार को लखन वमा के यहां सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें शिव मंडल व बजरंग मंडल के सदस्यों ने भाग लिया। सुंदरकांड का पाठ के बाद देर रात तक भजन कीर्तन किया गया। गांव के कई लोग सुंदरकांड के पाठ में शामिल हुए। इस दौरान सुखराम वर्मा, लीलाकिसन जलोदिया, बनवारी, दिनेश वर्मा, हरि पटेल, महेश वर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। सुंदरकांड के बाद आरती उतार कर और प्रसाद वितरण किया गया।

# वैदिक मंत्रों के साथ मंदिर पर शिखर कलश स्थापित





हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा

तहसील के ग्राम जताखेड़ा में स्थित प्राचीन श्री रामदेव जी बाबा के मंदिर पर शिखर स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रातःकाल समय में वैदिक मंत्रों से पूजन के पश्चात शिखर कलश को जुलूस के रूप में गाजे बाजे के साथ संपूर्ण ग्राम में परिक्रमा कर मंदिर पर लाया गया। उसके पश्चात नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक, पंडित मनीष पाठक, पंडित डॉ दीपेश पाठक के सानिध्य में सनातन वैदिक परंपरा के अनुसार शिखर के लाभार्थी पटेल जगदीश किरार, पटेल रामकृष्ण किरार, पटेल महेश किरार सहित परिवार जनों के द्वारा देवालय पर शिखर स्थापित किया गया। गगनभेदी उद्घोषों के मध्य भक्तजन इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए और ऐतिहासिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में पुण्य के भागी बने। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य यजमान के द्वारा नगरपुरोहित जन का शॉल श्रीफल के साथ साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया गया, धार्मिक आयोजन में समस्त ग्रामवासियों ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित माताएं व बहनें उपस्थित रही।

# हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ीः बिना अनुमति के काटे जा रहे हरे भरे और फलदार आम के पेड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिद्धिगंज



ग्राम सिद्धिगंज में दबंगों द्वारा हरे भरे फलदार पेड़ धलंगे से काटे जा रहे हैं। जिम्मेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिम्मेदार देख कर भी इसे अनदेखा कर रहे हैं। वही ग्राम सिद्दीकगंज के शाहजापुरा में दबंगों द्वारा हरे भरे फलदार आम के पेड़ को काटा दिया। जब इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा ली गई की यह आम का पेड़ बिना अनुमति के काटा गया है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को दी। लेकिन दबंग के हौसले इतने बुलंद है कि वह कभी भी हरे भरे पेड़ को काट देते हैं, और भरकर ले जाते हैं। लेकिन जिम्मेदार उन्हें रोकते भी नहीं हैं। जिम्मेदार और दबंगों की सांठगाठ के कारण क्षेत्र में हरे भरे पेड़ आए दिन काटे जा रहे। वही जंगल में भी वन माफिया द्वारा पेड़ों को जोरो शोरो से कटा जा रहा है। वन विभाग भी हाथ पर हाथ रख कर बेठा है। लगातार हो रही पेड़ों की कटाई से जंगल मैदान बनते जा रहे हैं। वन विभाग की लापरवाही के कारण जंगल मैदान सा नजर आने लगा है। जब अवैध कटाई को लेकर तहसीलदार अविनाश सोनानिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, मुझे इसकी जानकारी नहीं है में जानकारी लेकर जांच करवाता हूं। वही सरपंच महेंद्र सिंह काजले ने बताया कि हमारे पास उसकी कोई जानकारी नहीं है और नहीं ग्राम पंचायत में कोई उसकी अनुमति के लिए अभी तक नही आया है। ग्रामीणों की सूचना के अनुसार मैंने घटनास्थल पर जाकर देखा तो आम का पेड़ कट चुका था।

### श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लाज बचाकर निभाया था भाई होने का फर्ज

# महाभारत से जुड़ी है राखी की डोरः पंडित हरीमाधव शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा



आष्टा जनपद के ग्रामीण इलाके ग्राम बागैर वासियों के द्वारा 16 मई से 22 मई तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमे कथावाचक पंडीत हरिमाधव शास्त्री संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का श्रवण श्रद्धालुओ को कराया जा है।

इस दौरान ग्राम बागेर में अयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिवस कथावाचक पंडित हरीमाधव शास्त्री ने बहुत सुन्दर प्रसंग सुनाते हुए बताया की कैसे भगवान श्री कृष्ण ने साड़ी के आंचल के बदले द्रोपदी की भरी सभा में लाज बचाई थी। कथावाचक पंडित हरीमाधव शास्त्री ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर बताया की भाई रक्षाबंधन पर अपनी बहन की रक्षा करने का वादा करते हैं और रक्षाबंधन को लेकर पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं,भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी से जुड़ी कथा सबसे अधिक प्रचलित है। श्रीकृष्ण और द्रौपदी के रिश्ते में भाई-बहन जैसा असीम स्नेह था। एक बार युद्ध भूमि में जब श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहा था तो द्रौपदी ने अपनी साड़ी का आंचल फाड़कर श्रीकृष्ण की उंगली पर बांध दिया था, जिस पर भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को बहन मानते हुए इसका ऋण चुकाने का वचन दिया था। और श्रीकृष्ण ने द्रौपदी से कहा था कि जिस समय भी वह स्वयं को संकट में पाए, उन्हें याद कर ले। तभी जब धृतराष्ट्र के भरी राजसभा में द्रौपदी का चीरहरण किया जा रहा था कि तब कृष्ण ही थे जिन्होंने अपनी बहन की लाज बचाई थी। और एक छोटे से साड़ी के टुकड़े के बदले कई साड़ियां बढ़ाई थी। बहन द्रौपदी की पुकार सुनते ही श्रीकृष्ण ने लाज बचाई। उन्होंने द्रौपदी की साड़ी को इतना बड़ा कर दिया कि दुःशासन साड़ी खींचते-खींचते थक गया और बेहोश हो गया। राजदरबार में साड़ी का ढेर लग गया, लेकिन द्रौपदी की साड़ी कृष्ण की लीला से समाप्त नहीं हुई। इस तरह से श्रीकृष्ण ने अपने दिए वचन से बहन द्रौपदी की लाज बचाई और रक्षा का दायित्व निभाया। इसी तरह यदि अपनी बहन पर कभी भी संकट आए तो कृष्ण की भांति मदद करें। ग्राम बागैर में कथा का दूसरा दिवस था कथा का आयोजन दुपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जा रहा है जिसका समापन 22 मई को किया जाएगा।इस दौरान कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है

### चार्टेड बस चालक की मनमानी करने पर की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा

बस स्टैंड परिसर से बाहर निकलने के पश्चात भी अस्पताल के सामने चार्टेड बस खड़ी करने से मार्ग अवरुद्ध होने तथा दुर्घटना की अशंका बनती है। बस चालक - परिचालक को अनेक बार समझाने के बाद भी मनमानी करने एवं यातायात पुलिस से तकरार करने पर पुलिस ने ऑनलाइन व ऑफलाइन चालन बनाकर अर्थदंड किया। यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक चंदरसिंह ठाकुर ने बताया कि चार्टेड बस क्रमांक एमपी 09 एफ ए 9112 के चालक - परिचायक को बस स्टैंड के बाहर बीच सड़क पर बस खड़ी करने से पहले अनेक बार समझाने पर भी नहीं माना तो ऑनलाइन चालान एवं ऑफलाइन चालान बनाकर साढ़े तीन हजार रुपए का अर्थदंड वसूला।

## राजस्थान से आए थे चारों बदमाश, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी, लोगों से कर रही पूछताछ

# अपहरण का प्रयास असफल, जब युवक नहीं रुका तो बदमाशों ने की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा-खिलचीपुर

पुराने विवाद भी कब हमले की शक्ल में बाहर आ जाएं यह आजकल के समय में यह कहना मुश्किल है। खिलचीपुर में शुक्रवार रात को हुई घटना इसका उदाहरण है। जिसमें एक परिवार के लोगों ने दूसरे परिवार के लड़के का अपहरण करने को प्रयास सिर्फ इसलिए किया की उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। यह अलग बात है कि वह अपने इस प्रयास में सफल नहीं हो पाए तो तब उन्होंने खीजकर खिलचीपुर बस स्टैंड पर फायरिंग करने में भी देरी नहीं की। हालांकि वह अपराधी अपहरण के काम में सफल नहीं हो पाए और उन्हें वहां से भागना पड़ा। खिलचीपुर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### घटना से जुड़ा वीडियो आया सामने

खिलचीपुर में युवक का अपहरण करने आए 4 बदमाशों ने अपनी जान बचाकर भाग रहे युवक पर



उस पर गोली चला दी जब वह बचाव में भाग रहा था। बस स्टैंड पर शुक्रवार रात 10 बजे के बाद घटित हुई इस घटना ने शहरवासियों को हतप्रद कर दिया। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी शनिवार को सामने आया है। जिसमें एक युवक भाग रहा है और दो युवक उसको पकड़ने के लिए उसका पीछा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब युवक नहीं रुका हो बदमाशों ने गोली चला दी थी। इस घटना के बाद पीड़ित युवक तौफीक खान की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान के छीपाबडौद में रहने वाले आरोपी निसाद खान और उसके 3 अन्य साथियों पर अपहरण का प्रयास और मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### 7 दिन पहले ही छीपाबडोद से खिलचीपुर आया था पीड़ित



प्राप्त जानकारी के अनुसार छीपाबडोद में रहने वाला उसका भानेज और पीड़ित तौफीक खान शादी के प्रोग्राम में शामिल होने खिलचीपुर आया था और वह यहां 7 दिनों से रुका हुआ था। शुक्रवार रात को वह बस स्टैंड पर घूमने गया था। इस दौरान रात जब वह पान खाने एक दुकान पर गया था। उस दौरान छीपाबड़ोदा के रहने वाला निसात खान अपने अन्य तीन साथियों के साथ बाइक से आया और मेरे भानेज पीडित तौफीक का अपहरण कर उसे ले जाने लगे जिससे उनके बीच खूब झूमाझटकी हुई। इसी दौरान तौफीक पुरानी नगर पंचायत भवन की और भाग निकला तभी पीछाकर रहे बदमाशो ने गोली भी चलाई, जिनके बाद लाइब्रेरी के यहां पहुचा तो निसाद और उसके अन्य साथियों ने मेरे भानेज तौफीक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। तभी मेरे एक और भानेज अरबाज शोर मचाते हुए वहां आ गया। उसकी आवाज सुनकर आसपास लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद मेरे भानेज का अपहरण करने आए निसाद और उसके अन्य साथी वहां से भाग निकले। और भागते हुए मेरा भानेज तौफीक घर आया और उसने पूरी घटना के बारे में मुझे बताया जिसके बाद में और मेरे परिवार के लोगों तौफीक को लेकर खिलचीपुर थाने पहुंचे और निसाद और उसके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### गोली चलने के बाद बाजार हुआ बंद

जैसे ही गोली चलने की बात दुकानदारों एवं बाजार में फैली वैसे ही दुकानदारों एवं आसपास के लोगों ने दुकाने बंद कर ली एवं घर के दरवाजे भी बंद हो गए। पीड़ित तौफीक की शिकायत पर अपहरण करने आए निसात व अन्य तीन पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। आगे की जांच में पुलिस ने रविवार को घटना स्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की जांच करना शुरू कर दी है और पूछताछ भी की जा रही है। टीआई का कहना है की जल्दी ही हम बदमाशों को गिरफ्तार करेंगे।

## वॉल्व ऑपरेटरों की समस्या सुनकर दिए निर्देश

# अवैध नल कनेक्शन और पाइप लाइन तोड़ने वालों पर होगी एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

गोरखपुरा स्थित डब्ल्यूटी प्लांट पर बुधवार को महाप्रबंधक जल निगम ने स्कीम के इंजीनियर्स, स्टाफ और ऑपरेटर्स की आपात बैठक ली। उन्होंने कहा कि गर्मियों में जल सप्लाई व्यवस्था हर हाल में सुचारू बनाए रखने में बाधा डालने वालों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। बैठक का आयोजन सुबह वाटर फिल्टर प्लांट स्थित सभागार में किया गया। इसमें महाप्रबंधक मप्र जल निगम एसके जैन के अलावा डीजीएम अरविंद धाकड़, सीपी मैनेजर श्वेता एफ्राम सहित असिस्टेंट इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, सुपरवाइजर सहित ग्रामों में तैनात स्टाफ शामिल हुआ। इस दौरान जीएम जैन ने कहा कि हमें हर हाल में योजना के सभी ग्रामों में रोजाना जल सप्लाई करना है। इसमें रोड़ा अटकाने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं।

### ऑपरेटर्स ने बताई फील्ड की समस्याएं

बैठक में पहुंचे 58 गांवों के वॉल्व ऑपरेटरों ने बताया कि गांव में अवैध कनेक्शनों के कारण दूसरे नलों में प्रेशर से जल सप्लाई नहीं हो रहा। साथ ही कई गांवों में ग्रामीणों द्वारा जेसीबी या अन्य वाहनों से लगातार पाइप लाइन तोड़ने के कारण सप्लाई में दिक्कत की बात भी सामने आई।

### इनका कहना है...

गोरखपुरा परियोजना के सभी 156 गांवों में जल सप्लाई सुचारू की जा रही है। कुछ गांवों में जल बार बार जल सप्लाई बाधित करने और पानी के दुरुपयोग की समस्या सामने आ रही है। इनके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

**एसके जैन, महाप्रबंधक मप्र जल निगम, पीआईयू राजगढ़**

## जिले में हो रही कटौती से परेशान हैं आमजन, कोई सुध लेने वाला नहीं

# भीषण गर्मी में लगातार 3 दिन से 6 घंटे रख रखाव के लिए बिजली कटौती की जा रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

मलावर में 17 तारीख से लगातार तीन दिन तक भीषण गर्मी में 43 डिग्री लगभग तापमान में 6 घंटे से अधिक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बुजुर्ग और छोटे बच्चों के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ में पेजयल की भी परेशानी आ रही है साथ में मलावर क्षेत्र सहित आस-पास के गांव में भी कठौती की जा रही है जनपद सदस्य प्रतिनिधि विष्णु गुर्जर, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनील सुमन, वरिष्ठ समाजसेवी शिवदयाल गुप्ता ने विद्युत वितरण कंपनी से माँग कि है कि विद्युत कटौती कम समय के लिए करें, ताकि लोग समस्याओं का सामना करने में कोई परेशान ना हो।

### यही हाल है जीरापुर का

नगर जीरापुर का भी यही हाल है जहां पर सुबह से ही अघोषित कटौती शुरू होती है तो कितनी बार होगी इसकी कोई गिनती नहीं होती है ऐसे में आमजन जीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। कहीं कोई जानकारी दिए बिना अधोषित कटौती से लोग परेशान हो गए हैं।

## दुर्घटनाओं के बारे में समझाकर दोबारा इस तरह यात्रा नहीं करने का दिया संदेश

# पुलिस ने लोडिंग वाहनों से सवारी उतार कर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा



पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सतत समझाइश दी जा रही है। इस दौरान लोडिंग वाहन, पिकअप एवं ट्रैक्टर्स में सवारी ढोने वालों को सड़क दुर्घटना के दौरान होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक क्षति के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। पिकअप में सवार जनता को उतार कर, अपने जीवन के साथ खिलवाड़ ना करने की अपील की गई। आमजन द्वारा यदा-कदा अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने की घटनाएं देखने को मिलती रहती हैं वहीं जिले के ग्रामीण अंचलों से कई ग्रामवासी छोटे वाहन जैसे ऑटो, डुग्गा, पिकअप सहित बड़े वाहन जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली एवं आयशर ट्रकों में सवारी बैठकर एवं आजू-बाजू लटक कर सफर करते हैं, जिससे गंभीर दुघर्टना घटित होने की संभावना बनी रहती है।

वाहन चेकिंग के दौरान हाईवे पर पिकअप वाहन से सवारी ढोते पाए जाने पर वाहन को रोककर वाहन चालक एवं सवारियों को समझाईश दी गई साथ में पिकअप में सवार सवारियों को अन्य पैसेंजर वाहन के माध्यम से गंतव्य स्थान पर जाने की समझाया गया।

### शराबी चालक को न्यायालय ने 11 हजार रुपए से दंडित किया

शराब के नशे में लोडिंग वाहन को चलते पाए जाने पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना यातायात पुलिस द्वारा प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर चालक को न्यायालय द्वारा 11 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

# हज पर जाने वालों के लिए ट्रेनिंग कैंप व टीकाकरण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा





इस साल हज की यात्रा करने वालों की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग कैंप एवं टीकाकरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर के हज करने वालों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। ब्यावरा के राजमैरिज गार्डन में शनिवार को आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण केंप मे हज मे बरती जाने वाली सावधानियां एवं हज पर किये जाने वाले अरकान के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग द्वारा समझाया गया।

मदीना शरीफ से लौट कर आये हाजी मोहम्मद हनीफ खान जिला अंजुमन सदर राजगढ़ एवं अन्य हाजीयों द्वारा ट्रेनिंग दी गई। यह कि इस ट्रेनिंग केम्प मे हज पर जाने वाले समस्त राजगढ जिले के हाजी साहेबान पहुंचे एवं ट्रेनिंग प्राप्त कर वैक्सीनेशन भी कराया। ख्वातीन (महिलाओं) के लिये भी अलग से व्यवस्था की गई थी।

तथा हज यात्रियों का टीकाकरण भी मेडिकल एक्सपर्ट डॉक्टर जलालुद्दीन एवं उनके सहयोगी डॉक्टरों द्वारा किया गया। ट्रेनिंग केम्प के आयोजक अब्दुल खुर्शीद खान एडव्होकेट ने बताया कि राजगढ़ जिले के सभी क्षेत्र से आए हुए हाजी साहब बानो ने यहां पर पहुंचकर ट्रेनिंग प्राप्त की एवं टीकाकरण में हिस्सा लिया साथ ही खुर्शीद ने बताया कि यहां पर लग भग 190 लोगों ने ट्रेनिंग प्राप्त की एवं टीकाकरण कराया साथ ही जिले के अलग-अलग शहर एवं ग्रामीणों से आए हुए सभी हाजी साहब वालों का सुबह नाश्ता एवं ट्रेनिंग के साथ उनको भोजन की व्यवस्था भी रखी गई थी 18 मई 2024 को सुबह 8 बजे से ट्रेनिंग केम्प राजमेरिज गार्डन मोती मस्जिद के सामने काजीवाला बाग ब्यावरा मे आयोजित हुआ जो शाम 5 बजे तक चलता रहा। इस ट्रेनिंग कैंप में हज पर जाने वाले हाजी साहेबानो का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर आयोजन करता एडवोकेट अब्दुल खुर्शीद खान राजगढ़ जिला अंजुमन सदर मोहम्मद हनीफ खान ब्यावरा सदर मोहम्मद शमीम अहमद एवं पूर्व जमा मस्जिद सदर मुशीर खान फिरोज लाल, आमीन खान ,आशिक मंसूरी गल्ला वाले, एडवोकेट मुजीब खान, हाफिज फारूक खान शाहित जिले के समस्त लोगों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया।

# जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच और नमूना संग्रहण की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह निर्देशानुसार एवं डॉ राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की जांच टीम द्वारा इण्डस्ट्रीयल एरिया गुना स्थित आइसवैली पानी की फैक्टरी से पानी पाउच एवं पानी बॉटल पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर के नमूने लिये गये। विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में स्ट्रीट फूड वेन्डरों द्वारा बैचे जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जाँच हेतु टिकिया झोल, हरी चटनी, मीठी चटनी, आलू टिक्की के सैम्पल लिये गये एवं होटल, रेस्टोरेंट पर बैचे जाने वाली खाद्य सामग्री के सैम्पल गुणवत्ता परीक्षण हेतु संग्रहित किये गये। जिनमें शर्मा डेयरी, वन्दना स्कूल के पास, ए.बी. रोड़ गुना से दूध, मावा, पनीर, घी, अन्नपूर्णा चाट भण्डार लक्ष्मीगंज, शास्त्रीपार्क, गुना से चटनी एवं आलू टिक्की, महाकाल किराना एण्ड डेयरी से दूध, दही, घी, लस्सी, जैन फूड प्लाजा, तेलघानी, ए.बी. रोड़, गुना से शाही पनीर की सब्जी, मटर पनीर की सब्जी, दाल एवं प्याज टमाटर की ग्रेवी के नमूने, महाकाल चाट भण्डार तेलघानी से चटनी, आलू की सब्जी, धनिया पाउडर एवं मिर्ची पाउडर के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गये हैं। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही जारी है।

## शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में होंगे सम्मिलित, श्यामपुर में होगा वर्ग

# प्रखंड नरसिंहगढ़ से 30 प्रतिक्षार्थियों का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭नरसिंहगढ़




विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल मध्य भारत प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होने के लिए प्रखंड नरसिंहगढ़ से 30 प्रतिक्षार्थियों का दल रवाना हुआ। इस वर्ष मध्य भारत प्रांत का प्रशिक्षण वर्ग सीहोर जिला के श्यामपुर में हो रहा है।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष शिरीष उपाध्याय ने बताया अनुशासित जीवन तथा राष्ट्र की सेवा सुरक्षा एवं धार्मिक संस्कारों की सर्वोच्चता के निमित्त आयोजित 7 दिवसीय वार्षिक वर्ग प्रशिक्षण में 32 जिलों के सैकड़ो युवा प्रशिक्षित होकर अपने-अपने क्षेत्र में धर्म तथा राष्ट्रीय के पुनीत कार्यों में अपना पूर्ण योगदान देने को संकल्पित होकर लौटेंगे। प्रखंड मंत्री उदय मीणा ने बताया कि देश के अंदर देश विरोधी तकत पनप रही है। उन्हें उनकी ही भाषा में किस प्रकार से जवाब दिया जा सके इसलिए बजरंग दल अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करता है और यही कार्य करता राष्ट्र की सेवा धर्म की रक्षा समाज की रक्षा मठ मंदिरों की रक्षा गो गंगा गीता की रक्षा लव जिहादियों से हिंदू बहनों की रक्षा करते हैं सेवा सुरक्षा और संस्कार का भाव लेकर राष्ट्रीय हित और आदर्श समाज की स्थापना करते हैं। श्री मारुति नंदन मंदिर परिषद में बजरंग के कार्यकर्ताओं का विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारी द्वारा हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर सभी कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक कर वैधानिक मंत्र उच्चारण के साथ पुष्प वर्षा कर की विदाई।

## संस्कृत भारती ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया, क्षेत्रीय पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रारंभ

# 'संस्कृत माता-पिता की सेवा करना सिखाती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर






संस्कृत भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग को दीप प्रज्वलित कर राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार तथा विधायक अमरसिंह यादव, क्षेत्रीय संयोजक भरत बैरागी मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री जगेश्वर पटले प्रांत उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पांडेय की अध्यक्षता में एवं प्रान्त सह समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, विभाग संघ चालक उदय सिंह चौहान, संस्कृत भारती जिलाध्यक्ष मोहन नागर, विभाग संयोजक नरवर पावर जिला मंत्री चन्दर सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण बैरागी संस्कृत भारती नगर अध्यक्ष सालगराम चौहान गांव सरपंच रामनारायण चौहान ने शनिवार को प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने संस्कृत में अपने उद्बोधन में देश के महत्व को समझाया। वहीं विधायक अमरसिंह यादव ने देश के बदलते हालत को सुधारने के संस्कृत के महत्व को समझाया। विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान ने देश मे संस्कृत के बिना संस्कार व पाश्चात्य संस्कृति से देश में होने वाले नुकसान को बताया। वहीं क्षेत्रिय सयोंजक भरत बैरागी ने लार्ड डलहौजी के समय देश में 100 प्रतिशत शिक्षा थी किंतु उन्होंने देश की शिक्षा पद्धति को नष्ट करने व देश को गुरुकुलों को समाप्त किया। जिससे आज देश मे परिवार विघठित हो रहे हैं एक युग था जब राम अपने पिता की आज्ञा से 14 वर्ष के लिए बनवास गए थे, परन्तु आज माता पिता को अनाथ आश्रम में भेजा जा रहा है। संस्कृत मातापिता की सेवा सिखाती हैं व पाश्चात्य संस्कृति अनाथ आश्रम में भिजवाती हैं सभी वक्ताओं ने संस्कृत व संस्कृत भारती के महत्व को समझाया। प्रांत उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाण्डेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस वर्ग में मध्यभारत प्रांत, मालवा प्रांत, महाकोशल प्रांत, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। वर्ग में व्याकरण, दैनिक जीवन भाषा व संस्कृत के कठिन बिंदुओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।